केन्द्रीय विद्यालय लखनादौन
KENDRIYA VIDYALAYA LAKHNADON
शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर, लखनादौन,
तहसील : लखनादौन, जिला : सिवनी (म.प्र.) – ४८०८८६
Government Excellence Higher Secondary Vidyalaya Campus Lakhnadon,
Tehsil: Lakhnadon, Seoni (m.p.) – 480886
ई-मेल: kvlakhanadon@gmail.com

F. 2-1/Part Time/KVL/2022-23 /399 **Date: 25 -01-2023**

साक्षात्कार / INTERVIEW

केन्द्रीय विद्यालय लखनादौन में शिक्षण सत्र 2023 – 24 हेतु विद्यालय में शैक्षणिक पदों के विरूद्ध पैनल तैयार करने हेतु निम्नलिखित विषयों में पूर्णतः अंशकालीन / संविदा आधार पर शिक्षक एवं कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक व योग्य उम्मीदवार प्रत्येक पद हेतु अलग – अलग अपने बायोडाटा, समस्त शैक्षणिक व अनुभव प्रमाण पत्रों की मूल व छायाप्रतियों तथा नवीनतम पासपोर्ट फोटो के साथ सीधे साक्षात्कार हेतु निर्धारित दिनाँक 14 / 02 / 2023 को सायं 3:00 बजे तक विद्यालय कार्यालय में व्यतिगत / त्वरित डाक / कोरियर से जमा करें। जाँच / छटाई उपरांत योग्य उम्मीदवारों की पदवार सूची दिनाँक 15 / 02 / 2023 को विद्यालय वेबसाइट पर जारी की जायेगी तथा केवल योग्य उम्मीदवार ही निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ केन्द्रीय विद्यालय लखनादौन में उपस्थित होंगे।

साक्षात्कार हेतु बायोडाटा फॉर्म विद्यालय की वेबसाइट *https://lakhnadon.kvs.ac.in* के *Announcement Section* पर उपलब्ध है। निर्धारित दिनाँक के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

साक्षात्कार दिनाँक : 17 / 02 / 2023 **दिन : शुक्रवार** **समय : प्रातः 7:30 बजे से**

क्रमांक	आवेदित पद	विषय	अनिवार्य योग्यता
1	टी.जी.टी.	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान	1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उपाधि प्राप्त एव बी.एड.। 2. स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी. –विज्ञान) हेतु अनिवार्य विषय – वनस्पति शास्त्र, जीवविज्ञान एवं रसायनशास्त्र। 3. स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी. –सा.विज्ञान) हेतु – इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र के साथ इतिहास या भूगोल में से एक विषय अनिवार्य। 4. स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी. –संस्कृत) हेतु स्नातक के तीनों वर्ष में संस्कृत साहित्य अनिवार्य। 5. स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी. –हिन्दी) हेतु स्नातक के तीनों वर्ष में हिन्दी साहित्य अनिवार्य। 6. स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी. –अंग्रेजी) हेतु स्नातक के तीनों वर्ष में अंग्रेजी साहित्य अनिवार्य। 7. स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी. –गणित) हेतु स्नातक के तीनों वर्ष में गणित विषय के साथ भौतिक, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर साइंस,सांख्यिकी में से कोई दो विषय अनिवार्य। (सीटीईटी परीक्षा उत्तीर्ण को वरीयता प्रदान की जायेगी।)
2	प्राथमिक शिक्षक	–	किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ सीनियर सेकेण्डरी / स्नातक उपाधि / जेबीटी / बीटीसी / डी.एड. / बी.एड.। (सीटीईटी परीक्षा उत्तीर्ण को वरीयता प्रदान की जायेगी।)
3	कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर / कम्प्यूटर ऑपरेटर	–	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) / बी.सी.ए. / एम.एस.सी.(कम्प्यूटर साइंस) / पी.जी.डी.सी.ए / डी.सी.ए. परीक्षा उत्तीर्ण।

नोट :– (1) सभी इच्छुक व योग्य उम्मीदवार निर्धारित तिथि व समय के एक घंटे पूर्व उपस्थित होंगे।
(2) उम्मीदवार हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने की क्षमता रखते हों।
(3) मात्र पैनल में नाम होना नियुक्ति का अधिकार नहीं होगा, पद रिक्त होने की दशा में ही नियुक्ति प्रदान की जायेगी।
(4) चयन समिति का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।
(5) कार्य संतोषजनक न होने की दशा में सेवाएँ तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेंगी, जिसमें प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।
(6) यह नियुक्ति पूर्णतः अंशकालीन है, इसके आधार पर नियमित नियुक्ति का दावा नहीं किया जा सकेगा और न मान्य होगा।
(7) आवेदन करने के पूर्व अपनी योग्यता की जाँच कर लें एवं सीटीईटी उम्मीदवार न मिलने पर नॉन सीटीईटी पर विचार किया जायेगा।
(8) प्राथमिक शिक्षकों के लिए सीटीईटी उत्तीर्ण उम्मीदवार न मिलने पर ही नॉन सीटीईटी उम्मीदवार पर विचार किया जायेगा।
(9) कम्प्यूटर इंस्ट्रेक्टर / कम्प्यूटर ऑपरेटर पद हेतु उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने की दशा में स्क्रीनिंग की जा सकती है।
(10) अन्य सेवा एवं शर्तें केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार मान्य होंगी।